# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.08.2025                                                    समय : 1845

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद राष्ट्र को संबोधित करेंगी।
- पूरे देश के साथ कल द्वीपों में भी स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा– मुख्य समारोह नेताजी स्टेडियम में आयोजित होगा।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने आज उपराज्यपाल से मुलाकात कर द्वीपवासियों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।
- अटल फाउंडेशन ने युवा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सहयोग से युवा उपलब्धियां पुरस्कार दो हजार पच्चीस का आयोजन किया।

**<><><><><><><>**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उन्यासिवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन अब से कुछ देर बाद आकाशवाणी के संपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित होगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारित होगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने संबंधित क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढ़े नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण करेगा।

**<><><><><><><>**

पूरे देश के साथ कल द्वीपों में भी उन्यासिवां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। मुख्य समारोह नेताजी स्टेडियम में आयोजित होगा। उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष, एडमिरल डी. के. जोशी, सुबह नौ बजकर चौदह मिनट पर राष्ट्रीय तिरंगा फहराएंगे। इसके बाद उपराज्यपाल सलामी गारद का निरीक्षण करेंगे तथा पदक, वीरता पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान करेंगे। इस अवसर पर उपराज्यपाल का द्वीपवासियों के नाम संबोधन होगा। मुख्य समारोह के लिए नेताजी स्टेडियम पहुँचने से पहले, उपराज्यपाल राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल जाएँगे और शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। वे सेल्यूलर जेल में राष्ट्रीय ध्वज भी फहराएँगे। इस समारोह के सुचारू संचालन के लिए यातायात के विशेष प्रबंध भी किए गए हैं।

इस बीच कल विभिन्न विभागों, संस्थानों और स्कूलों में भी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर भारत के इतिहास के उस सबसे दुखद अध्याय के दौरान अनगिनत लोगों द्वारा झेली गई उथल–पुथल और पीड़ा को याद किया। प्रधानमंत्री ने विभाजन से प्रभावित लोगों के साहस और धैर्य को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा कहा कि उनमें अकल्पनीय क्षति झेलने और फिर नए सिरे से शुरुआत करने की ताकत रही है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहाः "भारत इतिहास के दुखद अध्याय के दौरान अनगिनत लोगों की ओर से झेले गए उथल–पुथल और दर्द को याद करते हुए आज के दिन को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में याद करता है। यह उनके साहस का सम्मान करने का भी दिन है, अकल्पनीय क्षति का सामना करने और फिर भी नए सिरे से शुरुआत करने की ताकत पाने की उनकी क्षमता का सम्मान करने का दिन है। प्रभावित हुए कई लोगों ने अपने जीवन का पुनर्निर्माण किया और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। यह दिन हमारे देश को एक सूत्र में पिरोने वाले सद्भाव के बंधन को मजबूत करने की हमारी स्थायी जिम्मेदारी की भी याद दिलाता है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने आज सुबह सवा दस बजे राज निवास में उपराज्यपाल एवं द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी.के. जोशी से मुलाकात की। इस अवसर पर द्वीपवासियों से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। श्री तिवारी ने बिजली कटौती समस्या पर उपराज्यपाल से बात की। उन्होंने कहा कि नगर परिषद और दक्षिण अंडमान के लिए बिजली कटौती असहनीय होती जा रही है। द्वीपवासी लगभग दस से बारह घंटे प्रतिदिन बिजली कटौती के कारण लोग बेहद कष्ट में हैं। उपराज्यपाल ने इस समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दस मेगावाट के डीजल जनरेटर सेट का आपातकालीन ऑर्डर दिया जा रहा है और इसके बाद बिजली समस्या के जल्द सही होने की संभावना है। श्री तिवारी ने क्षतिग्रस्त चाथम ब्रिज के मुद्दे पर भी उपराज्यपाल से चर्चा की। यह ब्रिज दक्षिण अंडमान के बम्बूफ्लाट, विम्बर्लीगंज और अन्य क्षेत्रों में रहने वाले हजारों लोगों की जीवन रेखा के समान है। चाथम ब्रिज के क्षतिग्रस्त होने के कारण वृद्ध, बीमार मरीज, महिलाएं और स्कूली बच्चे चाथम जेट्टी से बस या अन्य वाहन पकड़ने के लिए लंबी दूरी पैदल चलने को मजबूर हैं। प्रदेश अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि चाथम ब्रिज के पुनर्निर्माण को शीघ्र सही कराने का अनुरोध किया।

उपराज्यपाल ने भाजपा अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि द्वीपवासियों की सभी समस्याओं का हल शीघ्र करने का प्रयास किया जाएगा।

<><><><><><>

आर.जी.टी पब्लिक स्कूल में व्यक्तिगत सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम गैर सरकारी संगठन पंख, पुलिस विभाग और आर.जी.टी पब्लिक स्कूल की संयुक्त पहल पर आयोजित हुआ। कक्षा आठवीं से दसवीं तक के छात्रों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार मीणा और चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धानंद सरस्वती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पंख की अध्यक्षा कोमल आनंद ने अपने संबोधन में व्यक्तिगत सुरक्षा के मुद्दों पर छात्रों और अभिभावकों के बीच खुले संवाद के महत्व पर ज़ोर दिया। स्कूल की प्रधानाचार्या रीता बनर्जी ने स्कूल के नवगठित क्लब के बारे में जानकारी दी। छात्रों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बच्चों से सोशल मीडिया का ज़िम्मेदारी से उपयोग करने और अनजान लोगों के साथ अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने को कहा। चिन्मय मिशन के आचार्य स्वामी शुद्धानंद सरस्वती ने छात्रों को अच्छी आदतें विकसित करने, प्रेरणादायक जीवनियाँ पढ़कर अपने मन को मज़बूत बनाने और खेलकूद तथा मूल्य–आधारित गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अटल फाउंडेशन अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह ने युवा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सहयोग से, श्री विजयपुरम स्थित डॉ. बी. आर. अंबेडकर ऑडिटोरियम में युवा उपलब्धियां पुरस्कार दो हजार पच्चीस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चौदह अलग–अलग श्रेणियों में सत्ताईस युवा उपलब्धि हासिल करने वालों को सम्मानित किया गया। इनमें अलग–अलग क्षेत्रों से सम्बन्धित युवाओं के साथ–साथ स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के बीस समर्पित नर्सिंग कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुभव दुबे थे जिन्होंने युवा वाणिज्य एवं उद्योग मंडल के उपाध्यक्ष जयकार सिंह के साथ मंच साझा किया। अटल फाउंडेशन अंडमान और निकोबार द्वीप समूह ने नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

<><><><><><>

सभी उपभोक्ताओं एवं हितधारकों को यह सूचित किया जाता है कि अंडमान–निकोबार प्रशासन का विद्युत विभाग जो एक डीम्ड लाइसेंस है, ने वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस छब्बीस से वित्त वर्ष दो हजार उनतीस–तीस के लिए व्यवसाय योजना की स्वीकृति के लिए याचिका दिनांक अट्ठाईस जून दो हजार पच्चीस को गोवा राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग के समक्ष विद्युत अधिनियम दो हजार तेइस की धारा इकसठ, बासठ एवं चौसठ के अंतर्गत प्रस्तुत की है। माननीय आयोग ने इस व्यवसाय योजना के अंतर्गत दायर याचिका संख्या एक सौ बावन बटा दो हजार पच्चीस–छब्बीस से दो हजार उनतीस–तीस हेतु व्यवसाय योजना की स्वीकृति के लिए अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के विद्युत विभाग द्वारा दायर याचिका पर विभिन्न हितधारकों से आपत्तियां या टिप्पणियाँ आमंत्रित की जाती हैं।

**<><><><><><><>**